समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# कैसे काम करता है एयर डिफेसं सिस्टम, कैसे रोकता है मिसाइलों और ड्रोन का अटैक ?

Publisher
Published on 10 May 2025




**पाकिस्तान की तरफ से लगातार भारत के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाकर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया जा रहा है. जिसको भारत की आधुनिक एयर डिफेसं सिस्टम नाकाम कर दे रही है.**

भारत और पाकिस्तान के बीच जंग जैसा माहौल बना हुआ है. पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान और पीओके में स्थित आतंक के ठिकानों को निशाना बनाते हुए 9 आतंक के ठिकानों को ध्वस्त कर दिया. इसके बाद लगातार पाकिस्तान की तरफ से भारत के आम लोगों को निशाना बनाया जा रहा है जम्मू- कश्मीर के इलाकों में पाकिस्तान की तरफ से की गई भारी गोलीबारी में करीब 12 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और 50 से ज्यादा लोग जख्मी हुए थे.

8 मई की रात से पाकिस्तान की तरफ से भारत के सीमावर्ती राज्यों के इलाकों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाया जा रहा है, जिसको भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम हवा में ही मार के गिरा दे रही है. भारत की मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्ता की तरफ से किए जाने वाले हर एक नापाक कोशिश को ध्वस्त कर दिया है.

चलिए, आपको बताते हैं कि पाकिस्तानी मिसाइलों और ड्रोन हमले से बचाने वाले ये एयर डिफेंस सिस्टम काम कैसे करते हैं और इससे मिसाइलों और ड्रोन के अटैक के कैसे रोका जाता है.

कैसे करते हैं काम
एयर डिफेंस सिस्टम को हवा से आने वाले खतरे को रोकने के लिए बनाया जाता है जिनसे मिसाइल, रॉकेट, एयरक्राफ्ट, हेलीकॉप्टर अटैक शामिल होते हैं. यह एक तरह का सेना का प्लेटफॉर्म होता है जिसको इस तरह के अटैक को डिटेक्ट करने और उनको खत्म करने के लिए बनाया जाता है. एयर डिफेंस सिस्टम में काफी आधुनिक रडार और सेंसर लगे होते हैं जो दुश्मन की तरफ से आ रहे किसी हवाई हमले के खतरे का रियल टाइम यानी उसी समय पता लगाते हैं.

एयर डिफेंस सिस्टम में रडार की एक यूनिट होती है जो आसमान में होने वाली हरकत पर नजर रखते हैं और आने वाले खतरे को देखते रहते हैं. इनको अर्ली वार्निंग सिस्टम और कमांड सेंटर की तरफ से सपोर्ट किया जाता है जो डाटा को इकट्ठा करते हैं और कमांड की तरफ से जवाब देते हैं. इसके बाद सरफेस टू एयर मिसाइल को जो आने वाले खतरे की रेंज की हो और आ रहे खतरे को खत्म करने की क्षमता रखती हो उसको लांच किया जाता है जिससे उस खतरे को खत्म किया जा सके. कई आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम Mobile platforms यानी चलते फिरते वाहनों पर लगाए जाते हैं ताकि इनको कहीं भी आसानी से फिट किया जा सके.

भारत के पास एयर डिफेंस सिस्टम

भारत के पास कई आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम हैं जो दुश्मन के किसी भा खतरे को पहले ही भांप सकते हैं और उनको मार गिराने की क्षमता रखते हैं. भारत के पास रूस का S-400 एयर डिफेंस सिस्टम है जिसने पाकिस्तान के सभी हमलों को ध्वस्त कर दिया है. भारत के पास मौजूद एयर डिफेंस सिस्टम में कई तरह के मिसाइल, आधुनिक रडार हैं जो एक बडे स्तर पर किसी भी तरह के हवाई हमले को रोकने और उन्हें मार गिराने की क्षमता रखते हैं. जिसमें S-400, Barak-8 MR-SAM, Akash, Spyder जैसे एयर डिफेंस सिस्टम मौजूद हैं.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.